दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, रविवार 15 दिसंबर 2024

www.nyaysakshi.com



# विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण के संकल्प को पूरा करने पूरी प्रतिबद्धता से कर रहे कार्य- गोमती साय

**❒ जनादेश परब पर सरगुजा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष गोमती साय ने ली प्रेस वार्ता**

**❒ सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों के बारे में दी जानकारी**

**रायगढ़**




सरगुजा विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष व पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने राज्य सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने 'जनादेश परब' पर कलेक्ट्रेट के सृजन सभाकक्ष में प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में हमारा यह पहला साल सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा। बीते 12 महीनों में छत्तीसगढ़ प्रदेश ने विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं। विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के अपने संकल्प को पूरा करने की दिशा में हम सफलता के साथ लगातार आगे बढ़े हैं। इस दौरान हमने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल की, हमारी प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं।

गोमती साय ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने के अपने वादे को पूरा करने के लिए सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में निर्णय लिया गया। इस निर्णय पर तेजी से अमल करते हुए आवासों के निर्माण के लिए बड़ी राशि भी जारी की गई। हमने किसानों से किया गया वादा पूरा करते हुए 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर और 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की। प्रदेश की माताओं-बहनों से किए गए वादे को पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना शुरू की गई। इसका लाभ 70 लाख माताओं-बहनों को मिल रहा है। 10 किश्तों में माताओं बहनों को 6530 करोड़ रुपए जारी किए जा चुके हैं।

गोमती साय ने कहा कि सीजीपीएससी परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाया है। पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं हुई और उनके परिणाम घोषित हुए। इससे राज्य की प्रतिभाओं का विश्वास सीजी पीएससी पर लौटा है। उन्होंने कहा कि हमारी नई उद्योग नीति से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में भी विकास की नई संभावनाओं का सृजन हुआ है। यह नीति प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगी। हमने इस नीति को रोजगार परक बनाया है। रेल सुविधाओं में विकास के लिए लगातार मार्गों के निर्माण और रेलवे में उन्नत तकनीकों के उपयोग पर काम चल रहा हैं। यहां चौथी रेल लाइन निर्माण का काम चल रहा है, जिसका लाभ रायगढ़ के निवासियों को जल्द मिलेगा।

गोमती साय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने हमें अंत्योदय का संदेश दिया है। इसी के अनुरूप हमने प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाने के लिए लगातार काम किया है। हमने राज्य के जनजातीय समाज के गौरव को फिर से ऊंचाई पर स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है। उनकी आय और रोजगार में वृद्धि के लिए अनेक कदम उठाए गए। तेन्दूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रुपए मानक बोरा से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए मानक बोरा कर दी गई, जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई उद्योग नीति में पर्यटन को शामिल किया गया। इस तरह हमने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की अधिकांश गारंटियों को एक साल के भीतर ही पूरा किया है। सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास की नीति पर चलते हुए हम आने वाले दिनों में भी विकास के नये सोपान तय करेंगे।

रायगढ़ जिले के बारे में चर्चा करते हुए गोमती साय ने कहा कि रायगढ़ जिले में पीएम आवास के कार्यों को पूरी तेजी से पूरा किया जा रहा है। जिले में वर्ष 2024-25 में 36 हजार से अधिक आवास निर्माण को स्वीकृति मिली है। अगले 3 माह में आवासों को पूरा करने का लक्ष्य रखकर कार्य किया जा रहा है। महतारी वंदन योजना से रायगढ़ जिले की माताओ-बहनों को 249 करोड़ रूपये की राशि प्रदान की गई है। बीते रायगढ़ में हुए आयोजन में यहां की बहन सरस्वती यादव के हाथों प्रदेश की सभी महिलाओं को योजना की राशि जारी हुई। कृषक उन्नति योजना से किसानों को धान बोनस की राशि प्रदान कर रहे है। रायगढ़ जिले के किसानों को 494 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया गया है। रायगढ़ में प्रदेश का सबसे बड़ा नालंदा परिसर बनने जा रहा है। बीते दिनों मुख्यमंत्री जी ने इसका भूमिपूजन किया। यह नालंदा परिसर ज्ञान आधारित समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

शासन की राम लला दर्शन योजना से रायगढ़ जिले के श्रद्धालुओं को भी अयोध्या और काशी विश्वनाथ के दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। जिले से अब तक 8 जत्थों में श्रद्धालु अयोध्या धाम के दर्शन कर चुके है। शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने न्यौता भोज कार्यक्रमों का आयोजन स्कूलों में लगातार जारी है। जिले के विभिन्न स्कूलों में 92 हजार से अधिक बच्चों को न्योता भोज दिया गया है।

जल जीवन मिशन से घर-घर पेयजल पहुंचाने की दिशा में कार्य लगातार जारी है। अब तक 1.30 लाख नल कनेक्शन से जलापूर्ति प्रारंभ हो चुकी है। स्वास्थ्य सेवाओं के सुलभ पहुंच के लिए रायगढ़ जिले में 9.55 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। रायगढ़ जिले में लोगों की राजस्व संबंधी काम काज में सुविधा की दृष्टि से अभियान चला कर नक्शा बटांकन का कार्य किया गया है। पिछले 11 माह में 1.66 लाख से अधिक नक्शों के दुरुस्तीकरण का कार्य कर लिया गया है। यह इस अवधि में पूरे प्रदेश में सर्वाधिक है। रायगढ़ जिले में अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन पूर्ण किया जा चुका है। जिसमें पूरे प्रदेश से अभ्यर्थी रायगढ़ पहुंचे थे। शिक्षा के क्षेत्र में रायगढ़ जिले में प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन इस सत्र से शुरू हो चुका है। यहां नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करवाई जाती है।

रायगढ़ जिला केंद्र सरकार के जल शक्ति कैच द रेन अभियान अंतर्गत 'जल संचय जन भागीदारी' श्रेणी में पूरे देश में रायगढ़ जिला टॉप में रहा है। जल संचय की दिशा में हम निरंतर कार्यरत हैं। महिलाओं की भी इसमें भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत इस मानसून में पूरे जिले में वृहत वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। जिसमें खास तौर पर पीपल के पेड़ भी लगाए गए। रायगढ़ शहर की सीमा पर स्थित रामपुर में नगर वन भी तैयार किया जा रहा है। हम लोगों तक पहुंच कर उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए हर माह दो बार जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन जिले के अलग-अलग गांवों में लगा रहे हैं। जहां पूरी प्रशासन की टीम मौजूद होती है।

इस अवसर पर उमेश अग्रवाल, गुरुपाल भल्ला, श्रीकांत सोमावार, विवेक रंजन सिन्हा, सुभाष पाण्डेय, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव सहित जिले के मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय : कक्षा 6 वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन की तिथि में वृद्धि

**रायगढ़।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र अपलोड की कार्यवाही किया जाना है। जिसके लिए प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन की तिथि में वृद्धि एवं परीक्षा तिथि में संशोधन किया गया है। प्रवेश हेतु ऑनलाईन वेबसाईट www.eklavya.cg.nic.in है। जिसमें वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि में संशोधित करते हुए 31 दिसम्बर 2024 तक की तिथि निर्धारित की गई है। इसी तरह वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन भरे गए फार्म में त्रुटि सुधार की तिथि 01 से 8 जनवरी 2025 रात्रि 11.59 बजे तक तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि में 16 फरवरी 2025 दिन रविवार निर्धारित है। प्रवेश परीक्षा के फार्म भरने संबंधी विस्तृत निर्देश दिए गए ऑनलाईन वेबसाईट में दिए गए है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### ड्यूटी पर जा रहे जवान की सड़क हादसे में मौत

**धमतरी (आरएनएस)।** धमतरी के अर्जुनी चौके पास हुए सडक़ हादसे में पुलिस जवान की मौत हो गई है। बाइक सवार जवान को अज्ञात वाहन ने अपनी अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भयानक था कि बाइक सवार जवान हेलमेट पहना हुआ था फिर भी उसके सिर के कई टुकड़े हो गए। वहीं वाहन चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार भखारा थाना में आरक्षक के पदस्थ संबलपुर निवासी केशव मुरारी शनिवार सुबह पुलिस का जवान ड्यूटी में जा रहा था। जवाना अपनी बाईक से जा रहा था इसी दौरान अर्जुनी चौक रलायंस पेट्रोल पंप के पास एक टेंकर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए जवान को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में जवान का सिर टेंकर के पहिये के नीचे आ गया और बुरी तरह कुचल गया। जवान इस दौरान हेलमेट पहना हुआ था उसके बाद भी उसके सिर के कई टूकड़े हो गये और मौके पर ही जवान केशव की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं इस हादसें के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। और इसकी सूचना अर्जुनी पुलिस को दी गई।

## ऑटोमोबाइल ट्रेड के विद्यार्थियों का कराया गया औद्योगिक भ्रमण

**रायगढ़**



रायगढ़ पूर्वांचल स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महापल्ली (सेजस महापल्ली) के ऑटोमोबाइल ट्रेड के कक्षा नवमी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को विद्यालय प्राचार्य जे सुजाता राव के मार्गदर्शन में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। औद्योगिक भ्रमण के दौरान बच्चों ने ऑटोमोबाइल सेल्स और सर्विस संबंधी विभिन्न गतिविधियों को देखा। टू व्हीलर सर्विस असिस्टेंट तकनीशियन, मैकेनिक, सेल्स पर्सन, सेल्स मैनेजर, कस्टमर केयर मैनेजर और सुपरवाइजर के कार्य प्रणाली की समझ भी विकसित की। सर्विसिंग के दौरान उपयोग होने वाले विभिन्न औजारों और उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त किए। ऑटोमोबाइल के संचालक राजकुमार साहू के अनुसार बच्चों के स्कूली शिक्षा व्यवस्था से ही कौशल विकास संबंधित योजनाओं और कोर्स को प्रारंभ करना बच्चों के भविष्य को गढऩे में महत्वपूर्ण कदम है। ऑटोमोबाइल ट्रेड संबंधी कौशल विकास प्राप्त कर बच्चे इस क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकते हैं और अपना भविष्य उज्जवल कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।

## फेसबुक फ्रेंड ने शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म

**❒ चक्रधरनगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई में आरोपी गिरफ्तार**

**रायगढ़**



चक्रधरनगर पुलिस ने महिला अपराध के एक गंभीर मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए श्रीबच्छ भोय (26 वर्ष), निवासी ग्राम केंसरा डीपापारा, थाना पुसौर, को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

घटना की शुरुआत वर्ष 2022 में हुई, जब फेसबुक पर परिचय के बाद आरोपी और युवती के बीच बातचीत शुरू हुई। चैटिंग के दौरान मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान हुआ और उनका रिश्ता गहराता चला गया। 14 फरवरी 2022 को आरोपी ने युवती को शादी का प्रलोभन देकर अपने किराए के कमरे (बालाजी फ्लैक्स के पीछे, बेलादुला) में बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद, आरोपी ने कई बार युवती का शोषण किया।

युवती ने शिकायत में बताया कि अक्टूबर 2024 में श्रीबच्छ ने शादी करने से इनकार कर किसी अन्य से विवाह तय कर लिया। आरोपी ने इस दौरान युवती को धमकी भी दी कि अगर उसने इस संबंध में किसी को बताया या पुलिस से संपर्क किया, तो उसे जान से मार दिया जाएगा।

युवती की शिकायत पर चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 563/24 के तहत धारा 69 बीएनएस पंजीबद्ध कर जांच शुरू की। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपी के खिलाफ धारा 64(ड) और 351(3) भी जोड़ी गई। थाना प्रभारी प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम केंसरा में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में श्रीबच्छ ने अपना अपराध स्वीकार किया। चक्रधरनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले की त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक प्रशांत राव, सहायक उपनिरीक्षक नंद कुमार सारथी, सरस्वती महापात्रे, प्रधान आरक्षक महेंद्र कर्ष की अहम भूमिका रही।

## रायगढ़ में संत बाबा गुरु घासीदास जयंती पर तीन दिवसीय आयोजन, प्रशासन और पुलिस ने की सतनाम समाज के साथ बैठक

**रायगढ़**



संत बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में रायगढ़ जिले में तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाने की तैयारी जोरों पर है। इसी सिलसिले में आज पुलिस नियंत्रण कक्ष में एडिशनल एसपी आकाश मरकाम की अध्यक्षता में सतनाम समाज के गणमान्य सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

सतनाम समाज के प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) प्रदीप कुमार श्रृंगी और जिला मंत्री रंजू संजय ने बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि:

- 17 दिसंबर को बाइक रैली कांशीराम चौक, जूटमिल से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए कांशीराम चौक पर समाप्त होगी।
- 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर रामलीला मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो स्टेशन चौक और शहर के मुख्य मार्गों से होकर मिट्ठूमुड़ा स्थित सतनाम भवन पर समापन करेगी।
- 19 दिसंबर को मिट्ठूमुड़ा सतनाम भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

समाज के सदस्यों ने प्रशासन से इन सभी कार्यक्रमों के लिए समुचित सुरक्षा व्यवस्था की मांग की।

एडिशनल एसपी आकाश मरकाम ने समाज को आश्वस्त किया कि सभी कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। उन्होंने समाज के सदस्यों से जयंती को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने और शांति बनाए रखने की अपील की।

एसडीएम प्रवीण तिवारी ने बैठक के दौरान संत बाबा गुरु घासीदास जयंती के तीन दिवसीय आयोजन को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सतनाम समाज के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि रैली, शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान यातायात बाधित न हो और आम जनता को कोई असुविधा न हो। इसके साथ ही एसडीएम ने आयोजकों को सभी निर्धारित मार्गों और कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा तथा साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशासन और पुलिस द्वारा दिए गए समय-निर्धारण और मार्ग-निर्धारण का सख्ती से पालन करने की अपील की।

बैठक में डीएसपी अभिनवउपाध्याय, कोतवाली थाना प्रभारी सुखनंदन पटेल, चक्रधरनगर थाना प्रभारी प्रशांत राव, मोहन भारद्वाज और सतनाम समाज के प्रमुख पदाधिकारी तथा सदस्यगण उपस्थित थे।

इस प्रकार कापू थाना परिसर में भी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धरमजयगढ़, सिद्धांत तिवारी, और थाना प्रभारी नारायण मरकाम ने सतनाम समाज के सदस्यों के साथ बैठक कर सुरक्षा और शांतिपूर्ण आयोजन के निर्देश दिए। एसडीओपी सिद्धांत तिवारी ने आयोजन समिति को स्थानीय प्रशासन के साथ निरंतर संवाद में रहने और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पुलिस के सहयोग से काम करने का सुझाव दिया।

## 103 बोरी अवैध धान के साथ एक ट्रैक्टर जब्त



**❒ अवैध धान परिवहन का मामला, मंडी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही**

**रायगढ़**

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी का कार्य तेजी से चल रहा है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान परिवहन एवं अवैध धान पर रोक लगाने हेतु चेक पोस्ट एवं जांच दल का गठन किया गया है। जिनके द्वारा नियमित रूप से सतत निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 13 दिसम्बर को तहसील तमनार के हमीरपुर चेक पोस्ट ओड़िसा बार्डर पर 103 बोरी अवैध धान की जप्ती की गई। उक्त धान को ग्राम तिलाईपाली के विजय गुप्ता द्वारा ट्रैक्टर में लोड करके लाया जा रहा था। ट्रेक्टर सहित धान को जब्ती कर हमीरपुर समिति को सुपुर्दगी दी गई और जप्त धान का मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## बाइक चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी बाइक ओडिशा बेचने ले जाते समय चक्रधरनगर पुलिस ने धरदबोचा

**रायगढ़**

चक्रधरनगर पुलिस ने कल ऐश्वर्यम कॉलोनी, गोवर्धनपुर से चोरी हुई होण्डा सीबी साइन बाइक के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। आरोपियों ने अक्टूबर माह में बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

बाइक चोरी की रिपोर्ट 3 नवंबर को पीड़ित ज्योतिष कुमार सोनी (38 वर्ष) ने दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि 29-30 अक्टूबर की रात अपार्टमेंट के नीचे खड़ी उनकी होण्डा सीबी साइन (ग्रे रंग, नंबर CG10 X-2688) चोरी हो गई थी। इस पर थाना चक्रधरनगर में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 506/2024 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

थाना प्रभारी प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम को 13 दिसंबर को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन संदिग्ध पंजरी प्लांट के पास चोरी की बाइक लेकर घूम रहे हैं। पुलिस ने पंजरी प्लांट के पास घेराबंदी कर संदेही-शिवम बरेठ (19), शंकर बरेठ (27), और पीयूष उर्फ किश बंसोड (18) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने 29 अक्टूबर की रात ऐश्वर्यम कॉलोनी से बाइक चोरी करना स्वीकार किया।

आरोपियों ने बताया कि शंकर बरेठ ने बाइक का लॉक तोड़ा था, जबकि शिवम और पीयूष ने बाइक को धक्का देकर बाहर निकाला और शॉर्ट वायरिंग से स्टार्ट कर अपने घर ले गए। वे बाइक को बेचने की फिराक में थे, लेकिन ग्राहक नहीं मिलने पर 13 दिसंबर को इसे ओडिशा ले जाने की योजना बनाई थी।

पुलिस ने चोरी की बाइक जब्त कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में शिवम बरेठ और शंकर बरेठ, निवासी बैकुंठपुर, तथा पीयूष बंसोड, निवासी चंद्रनगर, शामिल हैं। पुलिस की तत्परता और त्वरित कार्रवाई से यह मामला सुलझ सका।

## संत बाबा गुरु घासीदास स्मृति शासकीय चिकित्सालय में हुआ स्वैच्छिक रक्त शिविर का आयोजन

**❒ शिविर के माध्यम से अब तक कुल 23 रक्तदान, प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया सम्मानित**

**❒ रक्तदाताओं ने किया अनुभव साझा, लोगों से की रक्तदान की अपील**

**रायगढ़**



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन को 01 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.विनित कुमार जैन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ.मनोज कुमार मिंज के मार्गदर्शन में स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ में स्वैच्छिक रक्त शिविर का आयोजन चिकित्सालय के प्रथम तल के रक्त केन्द्र (ब्लड सेंटर) में 11 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2024 तक किया जा रहा है। जिसमें चिकित्सा महाविद्यालय के चिकित्सक, चिकित्सा शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, स्टाफ नर्स, छात्र-छात्राओं इंटर्न चिकित्सक तथा सुरक्षा कर्मियों के द्वारा रक्तदान किया गया। जिन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

इस साप्ताहिक शिविर में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा अब तक कुल 23 रक्तदान किया जा चुका है। यह शिविर लगातार 20 दिसम्बर 2024 तक चलेगा। वहीं 18 दिसम्बर को संत बाबा गुरु घासीदास जयंती के दिन भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें और किसी की जान बचाने में सहभागी बनें। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक पैथोलॉजी एवं ब्लड सेंटर प्रभारी डॉ.किरणलता भगत, सह प्राध्यापक पैथोलॉजी डॉ.रीना नायक, डॉ.राकेश कुमार खूंटे सहायक प्राध्यापक, डॉ.नितेश पटेल डेमोन्स्ट्रेटर, टेक्निशियन उमेश पटेल, रामकिंकर गुप्ता, अमित कंवर, स्टाफ नर्स, पूर्णिमा सिंह जगत तेजराज चौहान, किशोर कुमार प्रधान, रघुनाथ शर्मा, मो.रिजवान की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**रक्त दाताओं ने किया अनुभव साझा, रक्त दान करने की अपील**

रक्तदान शिविर में रक्तदाता सहायक प्राध्यापक मेडिसीन विभाग डॉ.नरेश पटेल ने ने कहा कि लोगों में भ्रांति रहती है कि रक्तदान करने से कमजोरी आती है, रक्त की कमी हो जाती है ऐसा कुछ नहीं है। व्यक्ति स्वस्थ है तो रक्तदान करने से रक्तदाता के शरीर में किसी भी प्रकार का बुरा असर नहीं पड़ता है। इसी प्रकार मेडिकल सोशल वर्कर डॉ.ऋतु शर्मा ने कहा कि मैं हर 06 महिने में रक्तदान करती हूं जिससे मुझे खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी इस पुण्य कार्य में आगे आना चाहिए। स्टाफ नर्स मेडिसीन वार्ड हेमलता कश्यप ने रक्तदान कर कहा कि यह मेरा पहला रक्तदान है मुझे नि:स्वार्थ मानवसेवा के इस कार्य में काफी अच्छा महसूस हो रहा है भविष्य में भी रक्तदान करूंगी ताकि किसी की जान बच सके। सुरक्षा कर्मी कैलाश चौहान ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान करना एक महान कार्य है रक्तदान से किसी के जीवन को बचाया जा सकता है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480